

दैनिक भास्कर
भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज ऐप
इनस्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

# रोजगार मेला में 195 अभ्यर्थियों ने पायी सफलता



कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

कानपुर, 18 सितम्बर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय प्लेसमेन्ट सेल के माध्यम से वीएसएसडी कॉलेज नवाबगंज में एक बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, इस रोजगार मेले में एलटी फाइनेंस, जना फाइनेंस, आदित्य बिरला आदि कई कंपनियों ने प्रतिभाग किया। 400 से अधिक रोजगार के अवसरों के लिए 1100 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने रजिस्टर किया। रोजगार मेले का उदघाटननिदेशक सी डी सी प्रोफेसर आरके द्विवेदी, डॉ प्रशांत त्रिवेदी व डॉ अजय तिवारी, प्राचार्य वीएसएसडी कॉलेज डॉक्टर विपिन कौशिक, डॉ नीरू टंडन, अंशु सिंह आदि ने किया। प्रो. आरके द्विवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल हर छात्र-छात्रा को प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। एवं समय-समय पर संबद्ध कॉलेजों में जॉब फेयर्स का आयोजन करता रहेगा प्लेसमेंट सिर्फ एम बी ए व बीटेक तक सीमित न रहकर हर छात्र-छात्रा तक पहुंचेगा। डॉ प्रशांत त्रिवेदी ने कहा की छात्र-छात्राओं को आज या तो सफलता मिलेगी या फिर अनुभव जिसका वह आगे अन्य अवसर में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को कम से कम पांच कंपनियों में जॉब इंटरव्यू देने के लिए कहा। सभी छात्र-छात्राओं को डॉ अजय तिवारी ने ने बताया कि और भी ऐसे जॉब फेयर होते रहेंगे। इस दौरान प्राचार्य वीएसएसडी कॉलेज डॉ विपिन कौशिक, निदेशक अंशु सेंगर के अलावा महाविद्यालय के शिक्षकों व अधिकारियों के साथ राहुल यादव, सुनील द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 192 को मिली नौकरी





**रोजगार मेले में बोलते सीडीसी निदेशक डॉ. राजेश व मौजूद अतिथि।** संवाद

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विवि के सहयोग से वीएसएसडी डिग्री कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सीडीसी निदेशक प्रो. राजेश कुमार ने मेले का शुभारंभ किया। मेले में 10 कंपनियों ने प्रतिभाग किया था, जिनमें आदित्य बिड़ला इंश्योरेंस, बीएसएस एजुकेशन, एलएंडटी, ऑल डीजी, जाना स्मॉल फाइनेंस बैंक, पेटीएम, गूगल पे, एसबीआई, जस्ट डॉयल, आरइच डॉयल आदि शामिल रहीं। 450 पदों के सापेक्ष 1200 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था, जिनमें 192 छात्र-छात्राओं को नौकरी मिली। संचालन प्रीति जायसवाल व संयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बिपिन चंद्र कौशिक ने किया। यहां पर डॉ. नीरू टंडन, प्रो. मंजू लता, प्रो. जया मिश्र, डॉ. प्रशांत त्रिवेदी, डॉ. अजय तिवारी, राहुल यादव, सुनील द्विवेदी, अभिषेक कुमार आदि रहे। (ब्यूरो)

# जॉब फेयर में 195 को मिली जॉब

सीएसजेएमयू की प्लेसमेंट सेल की वेडनसडे को वीएसएसडी कॉलेज नवाबगंज में जॉब फेयर का आयोजन किया गया. 400 से अधिक जॉब्स के लिए 1100 से ज्यादा कैंडीडेट्स ने दावा पेश किया. रोजगार के अवसरों के लिए 1100 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने रजिस्टर किया. यहां 195 को जॉब मिली. डॉ प्रशांत त्रिवेदी ने कहा की स्टूडेंट को सफलता मिलेगी या फिर अनुभव जिसका वह आगे अन्य अवसर में भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. बिपिन कौशिक, डॉ अजय तिवारी, अंशु सेंगर, राहुल यादव और सुनील द्विवेदी आदि रहे.

# रोजगार मेले में 195 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी

कानपुर : सीएसजेएमयू की प्लेसमेंट सेल की ओर से बुधवार को वीएसएसडी कालेज, नवाबगंज में रोजगार मेला लगाया गया। निजी कंपनियों में साक्षात्कार के दौरान 195 अभ्यर्थियों को नौकरी के लिए चयनित किया गया। सीडीसी निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी, डा. प्रशांत त्रिवेदी, डा. अजय तिवारी, प्राचार्य डा. बिपिन कौशिक, डा. नीरू टंडन रहीं। (वि.)

## वीएसएसडी कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन

# 195 अभ्यर्थियों को मिली नौकरियां

कानपुर (एसएनबी)। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के विश्वविद्यालय प्लेसमेन्ट सेल के माध्यम से वीएसएसडी कॉलेज नवाबगंज में एक बुधवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में एल-टी फाइनेंस, जना फाइनेंस, आदित्य बिरला आदि कई कंपनियों ने प्रतिभाग किया। 400 से अधिक रोजगार के अवसरों के लिए 1100 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने रजिट्रेशन कराया था। जिसमें 195 छात्र-छात्राओं को चियनित किया गया।

मेले का उद्घाटन निदेशक सीडीसी प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. प्रशांत त्रिवेदी व डॉ. अजय तिवारी, प्राचार्य वीएसएसडी कॉलेज डॉ. विपिन कौशिक, डॉ. नीरू टंडन व अंशु सिंह ने किया। अपने उद्बोधन में प्रो. आरके द्विवेदी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें बताया कि विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल हर छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। एवं समय-समय पर संबद्ध कॉलेजों में जॉब फेयर्स का आयोजन करता रहेगा। प्लेसमेंट सिर्फ एमबीए व बीटेक तक सीमित न रहकर हर छात्र-छात्राओं तक पहुंचेगा। इस मौके पर डॉ. प्रशांत त्रिवेदी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को आज या तो सफलता मिलेगी या फिर अनुभव, जिसका वह आगे अन्य अवसर में भी इस्तेमाल कर सकते है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को कम से कम पांच कंपनियों में जॉब इंटरव्यू देने के लिए कहा।

**सीएसजेएमयू के प्लेसमेन्ट सेल के माध्यम से रोजगार मेले का हुआ आयोजन**

इस मौके पर डॉ. अजय तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और बताया कि ऐसे जॉब फेयर होते रहेंगे। जिससे छात्रों को रोजगार मिलता रहे। प्राचार्य वीएसएसडी कॉलेज डॉ. विपिन कौशिक ने छात्रों के उत्साह की प्रशंसा की, निदेशक श्री अंशु सेंगर ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों, विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ विशिष्ट रूप से कुलपति को धन्यवाद ज्ञापित किया। यहां शिक्षकों व अधिकारियों के साथ राहुल यादव व सुनील द्विवेदी उपस्थित रहे और आयोजन के सफल संयोजन में अपना योगदान दिया।



वीएसएसडी कॉलेज में रोजगार मेले को संबोधित करते वक्ता। फोटो : एसएनबी